<u>समाचार</u>

महापुरूषों के अवतरण व पुण्यतिथि पर प्रतिमा स्थलों की साफ–सफाई व माल्यार्पण सुनिश्चित करें

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने जोन कमिश्नरों व संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश)

कोरबा 11 जनवरी 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के सभी जोन कमिश्नरों व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि निगम क्षेत्रांतर्गत स्थापित महापुरूषों के प्रतिमा स्थल पर उनके अवतरण दिवस एवं पुण्यतिथि के अवसर पर साफ–सफाई व प्रतिमा पर माल्यार्पण कराया जाना सुनिश्चित करें।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि देखा जा रहा है कि निगम क्षेत्रांतर्गत स्थापित महापुरूषों के प्रतिमा स्थलों पर उनके अवतरण दिवस व पुण्यतिथि के अवसर पर साफ–सफाई एवं माल्यार्पण आदि नहीं हो रहे हैं, अतःनिर्देशित किया जाता है कि निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्थापित महापुरूषों की प्रतिमा के स्थल पर उनके अवतरण दिवस व पुण्यतिथि के अवसर पर संबंधित क्षेत्र के जोन कमिश्नर तथा सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व उद्यान अधीक्षक संयुक्त रूप से दायित्वों का निर्वहन करते हुए स्थल परिसर की साफ–सफाई व

प्रतिमा पर माल्यार्पण कराया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें तथा इस दिशा में किसी प्रकार की उदासीनता न बरती जाए।